मध्यप्रदेश शासन

औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग

// आदेश //

भोपाल, दिनांक 15/10/2020

क्रमांक एफ 16-09/2019/ए-ग्यारह:: राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया कि मेसर्स आईनॉक्स एयर प्रोडक्ट प्रा.लि. द्वारा औद्योगिक क्षेत्र मोहासा-बाबई जिला होशंगाबाद में लगभग रू. 150.00 करोड़ के पूंजी निवेश से इंडस्ट्रियल एवं मेडिकल गैस निर्माण परियोजना को कोविड-19 महामारी काल में प्रदेश में मेडिकल आक्सीजन की आवश्यकता एवं उसकी आपूर्ति को सुनिश्चित करने के दृष्टिगत पूर्व स्वीकृत शासन आदेश क्रमांक एफ 16-09/2019/ए-ग्यारह दिनांक 24.06.2019 को निरस्त करते हुये निम्नानुसार सुविधाएं दी जायें -

1. **निवेश प्रोत्साहन सहायता** - उद्योग संवर्धन नीति-2014 (यथा संशोधित 2020) में प्रावधानित निवेश प्रोत्साहन सहायता, परियोजना अन्तर्गत प्लांट एवं मशीनरी में किये गये निवेश (भवन, प्लांट एवं मशीनरी किन्तु भूमि एवं रहवासी इकाईयों को छोडकर) पर 40 प्रतिशत की समान दर से 7 वर्षों में शर्तों के अध्याधीन दी जाये।
2. **विद्युत दर में रियायत**- शासनादेश क्रं. 17-27/2019/ए-ग्यारह, दिनांक 04.03.2020 द्वारा मोहासा-बाबई, जिला होशंगाबाद की इण्डस्ट्रियल टाउनशिप घोषित कर अधिसूचित औद्योगिक क्षेत्र मोहासा-बाबई, जिला होशंगाबाद की भौगोलिक सीमाओं में एम.पी. इण्डस्ट्रीयल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड को विद्युत वितरण के लिये पृथक डिस्ट्रीब्यूशन लायसेंस प्राप्त करने की स्वीकृति प्रदान की गयी है। औद्योगिक क्षेत्र मोहासा-बाबई हेतु पृथक विद्युत वितरण लायसेंस प्राप्त होने एवं इसके संचालन प्रारंभ होने पर परियोजना को तत्समय निर्धारित दर पर विद्युत प्रदाय की जाये।
3. परियोजना को उद्योग सवंर्धन नीति, 2014 (यथा संशोधित 2020) अन्तर्गत प्रावधानित अन्य सुविधाओं का लाभ विहित शर्तों के अध्याधीन प्राप्त होगा।
4. परियोजना को स्वीकृत सुविधाओं का लाभ इस शर्त पर प्राप्त होगा कि परियोजना में इस परिप्रेक्ष्य में आदेश जारी होने की दिनांक से प्रतिबद्ध निवेश के साथ 2 वर्ष में वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ कर लिया जाये।
5. कम्पनी की शेष अन्य मांगों को अमान्य किया जाता है।

(संजय कुमार शुक्ल)
प्रमुख सचिव
मध्यप्रदेश शासन
औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग

पृ.क्र. एफ 16-09/2019/ए-ग्यारह

भोपाल दिनांक 15 /10/2020

प्रतिलिपि:-

1. प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, मुख्यमंत्री कार्यालय, मंत्रालय, भोपाल ।
2. उप सचिव, मध्पप्रदेश शासन, मुख्य सचिव कार्यालय, मंत्रालय, भोपाल।
3. प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग, ऊर्जा विभाग एवं नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन, भोपाल।
4. प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश इण्डस्ट्रीयल डेवलपमेंट कार्पोरेशन लि. भोपाल।
5. आयुक्त, होशंगाबाद संभाग जिला होशंगाबाद।
6. कलेक्टर, जिला होशंगाबाद।
7. आथोराइज्ड सिग्नेटरी, मेसर्स आईनॉक्स एयर प्रोडक्ट प्रा.लि. 7th Floor, Ceejay House, Dr. Annie Basant Road, Worli Mumbai - 400018

- की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

प्रमुख सचिव
मध्यप्रदेश शासन
औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग